पेज थ्री
देहरादून

स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों ने प्रान्त संयोजक से भेंट करते हुए सीएम।







## संक्षिप्त समाचार

### एमकेपी पीजी कॉलेज शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मियों ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**संवाददाता** देहरादून। एमकेपी पीजी कॉलेज के शिक्षक संघ एवं शिक्षणेत्तर संघ की सचिव डा. ऋचा काम्बोज ने कहा है कि लगातार महाविद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को वेतन की लगातार समस्यायें उत्पन्न हो रही है जिसके कारण समय पर वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है जिससे उनके समक्ष रोजी रोटी का संकट पैदा हो रहा है और अब मिलकर महाविद्यालय में कार्य बहिष्कार किया जायेगा। एमकेपी पीजी कॉलेज सभागार में पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि वेतन के नाम पर शिक्षिकाओं व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है।

### डाकपत्थर बैराज की सुरक्षा को मुख्य सचिव से मोर्चा ने लगाई गुहार

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह से मुलाकात कर डाकपत्थर बैराज को खनन माफियाओं तत्वों से बचाने हेतु ज्ञापन सौंपा। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिये। नेगी ने कहा कि डाकपत्थर क्षेत्रान्तर्गत यूजेविएनएल की यमुना जल विद्युत परियोजना वर्ष 1970 से विद्युत उत्पादन कर रही है। उक्त हेतु बैराज की डाकपत्थर में स्थापना की गयी थी, जोकि डाकपत्थर बैराज के नाम से प्रचलित है।

### रजिया बेग ने समर्थकों के साथ आप की सदस्यता ली

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संगम विहार दिल्ली से तीन बार के विधायक दिनेश मोहनिया ने कहा है कि वरिष्ठ अधिवक्ता व बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड की पूर्व चेयरमैन रजिया बेग ने भी अपने समर्थकों के साथ आप की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नजर आगामी वि चुनवाओं पर है और उसी के तहत विस स्तर पर सभी तैयारियां की जा रही है। एक मात्र विकल्प के रूप में प्रदेश में स्थापित होना चाहती है आप ताकि लोगों को कांग्रेस और भाजपा के कुशासन से मुक्ति दिलवाई जा सके।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर द्वारा "मानसून फेस्ट" की शुरुआत

**संवाददाता** देहरादून। मूल्यवर्धित सेवाओं के जरिए निरंतर अनूठे ग्राहक अनुभव मुहैया कराने की प्रतिबद्धता के भाग के रूप में टीकेएम ने अपने मौसमी 'मानसून फेस्ट' अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की। इस सेवा पेशकश में 20 बिन्दुओं पर वाहन के स्वास्थ्य की व्यापक जांच, सामान्य मरम्मत कॉम्बो पार्ट्स पर ऑफर शामिल है। यह पेशकश 15 जुलाई से 31 अगस्त 2020 तक चुनिंदा उत्तरी भारतीय राज्यों में उपलब्ध हैं।

# लालकुआं कोतवाली के 29 पुलिसकर्मियों की रिपोर्ट पॉजिटिव

**कोरोना अपडेट**

- प्रभारी निरीक्षक व नगर के गणमान्य लोगों की रिपोर्ट का इंतजार
- प्रशासन ने वार्डो में सख्ती बरतने का निर्णय लिया

**संवाददाता**

देहरादून। नैनीताल जिले के लालकुआं कोतवाली के 29 पुलिसकर्मियों की बुधवार दोपहर तक रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। लालकुआं में मंगलवार को 96 लोगों के सैंपल लिए गए थे। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक व नगर के गणमान्य लोगों की रिपोर्ट का इंतजार है। वहीं एक साथ 29 पुलिसकर्मियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद प्रदेश में हड़कंप मच गया है। पूरे लालकुआं शहर को कंटेनमेंट जोन बनाने की तैयारी है। उप जिलाधिकारी विवेक राय ने लालकुआं और आसपास के लोगों को आगाह करते हुए घर में ही रहने की सलाह देते हुए कहा कि बेवजह घरों से न निकलें। यह आपके और आपके परिवार दोनों के लिए सुरक्षित होगा।

संकोरोना संक्रमितों को संख्या तेजी से बढ़ने पर जिला प्रशासन लालकुआं के वार्ड नंबर एक और दो को कंटेनमेंट जोन घोषित कर चुका है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों वार्डो में सर्वे कर 1030 लोगों की थर्मल स्कैनिंग करते हुए सभी से घरों में रहने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। बीते दिनों क्षेत्र में तीन लोगों के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद हरकत में आए प्रशासन ने वार्ड नंबर एक के बाद अब वार्ड नंबर दो गांधीनगर को भी माइक्रो कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है। वार्ड नंबर एक में कोरोना संक्रमितों की संख्या छह औैर वार्ड नंबर दो में यह संख्या दो हो गई है। जिसके बाद प्रशासन ने दोनों वार्डो में सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। अब वार्ड नंबर दो की गलियों में बेरीकेडिंग लगाकर पूरे वार्ड की मुख्य गलियों में पुलिस तैनात कर दी गई है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोटाहल्दू के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. हरीश चंद्र पांडे ने बताया कि डा. लव पांडे के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग, नगर पंचायत, राजस्व विभाग और आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने वार्ड नंबर एक में 118 घरों का सर्वे कर 702 लोगों की थर्मल स्कैनिंग की। वहीं वार्ड नंबर दो में 105 घरों का सर्वे कर 328 लोगों की थर्मल स्कैनिंग की गई। दोनों वार्डो में 1030 लोगों की थर्मल स्कैनिंग की गयी। साथ ही उन्हें कंटेनमेंट जोन के संबंध में अवगत कराते हुए बिना ठोस वजह घर से न निकलने की सलाह भी दी। वहीं बुधवार को एक साथ कोतवाली के 29 पुलिसकर्मियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने कोतवाली को सीज कर पूरे स्टाफ को आइसोलेट कर दिया गया है। वहीं नगर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए नैनीताल जिले से 20 से 25 कर्मियों को बुला लिया गया है।

### हरिद्वार में दारोगा कोरोना पॉजिटिव, बहादराबाद थाना और चौकी सील

देहरादून। हरिद्वार जिले के बहादराबाद थाने में तैनात एक दारोगा की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है, जिसके बाद बहादराबाद थाना, कस्बा और शांतरशाह पुलिस चौकी को सील करते हुए एसओ समेत पूरे स्टाफ को क्वारंटाइन कर दिया गया है। पुलिसकर्मियों की सैंपलिंग की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। राहत की बात यह है कि पहले दिन एसओ समेत छह पुलिसकर्मियों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

## कोरोना के रोकथाम को सभी मंत्रीगण अपने प्रभार वाले जनपदों का करें भ्रमण



**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेश के सभी मंत्रीगणों से अपने प्रभार वाले जनपदों का भ्रमण कर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक/समन्वय कर कोरोना वायरस के निरन्तर बढ़ रहे प्रभाव तथा अतिवृष्टि के कारण प्रभावित हो रहे जनजीवन के दृष्टिगत इसका प्रभावी अनुश्रवण किये जाने की अपेक्षा की है।

मुख्यमंत्री ने इस सम्बन्ध में मंत्रीगणों को भेजे गये पत्र में स्पष्ट किया है कि सभी प्रभारी मंत्रियों द्वारा अपने प्रभार वाले जनपदों का भ्रमण कर कोरोना की रोकथाम एवं अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की संबन्धित जिलाधिकारियों के साथ गहनता से अनुश्रवण किये जाने से इसमे गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रीगणों से जनपदों में संचालित विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भी समीक्षा करने को कहा है। उन्होंने जनपदों के भ्रमण के पश्चात समीक्षा बैठकों की आख्या भी उन्हें उपलब्ध कराने को कहा है।

# राज्य में टेस्टिंग व स्क्रीनिंग केन्द्र बढ़ाये सरकार

**मांग**

- कोविड 19 संक्रमण की समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक से मिले धस्माना

देहरादून। **संवाददाता**



कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते राज्य में टेस्टिंग व स्क्रीनिंग केन्द्र बढाये जाने सहित अनेक मांगों के समाधान के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने स्वास्थ्य महानिदेशक डा. अमिता उप्रेती से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

धस्माना ने स्वास्थ्य महानिदेशक से मुलाकात करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा और कहा कि लैब बढ़ाएं व बैकलॉग करें समाप्त किये जाये और सभी सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में एक निश्चित संख्या के बैड आईसीयू व वेंटिलेटर कोविड के लिए आरक्षित किये जाये। उन्होंने कहा कि अभी तक सरकार केवल छह ही सरकारी टेस्टिंग केन्द्र ही बना पाई है ओर अब अब प्राइवेट लैब्स में भुगतान करने पर टेस्ट की अनुमति दी गई है और आज सरकारी टेस्टिंग लैब में बैकलॉग ग्यारह हजतार से अधिक चला गया है जो की चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ के प्रोटोकॉल के मुताबिक किसी कोविड 19 संक्रमित व्यक्ति की मृत्यु अगर संक्रमण के दौरान होती है तो उसे कोरोना से कारित मृत्यु ही माना जाना चाहिए जबकि राज्य में ऐसा नहीं है राज्य की राजधानी दून में कोविड 19 समर्पित केवल दून दून हास्पिटल है और जिस तरह संक्रमण फैल रहा है यह अपर्याप्त है।

धस्माना ने कहा कि राज्य में लगातार बढ़ रहे कोविड 19 संक्रमण के मामलों में आज पूरे राज्यवासी चिंतित है और पहला कोविड 19 मामला एफआरआई में स्पेन दौरे से लौटे आईएफएस प्रशिक्षुओं का था जो 15 मार्च 2020 को रिपोर्ट हुहा था। उसके बाद मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। इस अवसर पर स्वास्थ्य महानिदेशक ने शीघ्र ही संबंधित समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## महाकुंभ की बैठक में अधिकारियों से खफा मदन कौशिक

**संवाददाता** देहरादून। 2021 महाकुंभ को लेकर राजधानी में हुई समीक्षा बैठक बिना किसी चर्चा के ही खत्म हो गई, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक नाराज होकर बैठकर छोड़कर चले गए। दरअसल, कुंभ की इस बैठक में विभिन्न विभागों के सचिवों को बुलाया गया था, लेकिन कई विभागों के सचिव इस बैठक में नहीं पहुंचे। मंत्री इसी बात से नाराज दिखे।

सचिवालय में हुई इस बैठक में अन्य सचिवों के साथ विभागीय सचिव भी नहीं पहुंचे। जबकि बताया जा रहा है कि सचिवों की सहूलियत के हिसाब से ही सचिवालय में इस बैठक का आयोजन किया गया था। मदन कौशिक इस महत्वपूर्ण बैठक के प्रति सचिवों के उदासीन रवैये से नाराज हो गये। उन्होंने मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह के सामने अपनी बात रखी। साथ ही उन्होंने सचिवों के इस रवैये पर शिकायत दर्ज की है। बता दें कि हाल ही में मुख्य सचिव ने एक पत्र जारी कर सभी नौकरशाह से जनप्रतिनिधियों को सम्मान देने की बात कही थी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।